रेल मंत्रालय की वित्त मांगें

2380. **श्री मीर्जा इर्शादबेग** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) रेल मंत्रालय द्वारा पिछली पंच-वर्षीय योजनाओं में क्या-क्या वित्तीय मांगें रखी गई और उनमें कितनी धनराशि शामिल थी और इन मांगों को कितनी सीमा तक पूरा किया गया; और

(ख) रेल मंत्रालय ने भावी पंच-वर्षीय योजनाओं के लिये अपने प्रस्ताव भेज दिये हैं, यदि हां, तो उन पर क्या निर्णय किया गया है और उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री महावीर प्रसाद) : (क) एक विवरण संलग्न है (नीचे देखिए)

(ख) अभी तैयार नहीं किये गये हैं ।

विवरण

विभिन्न योजनाओं के दौरान परिव्यय तथा वास्तविक खर्च के ब्यौरे नीचे दिये गये हैं :—

(करोड़ रुपयों में)

योजना	योजनाओं में परिव्यय	वास्तविक खर्च
पहली	400	424
दूसरी	1125	1044
तीसरी	1325	1686
चौथी	1420	1428
पांचवीं	2202	1525 (केवल 4 वर्षों के लिए, योजना एक वर्ष पहले समाप्त हो गयी)
छठी	5100	6585
सातवीं	13534	8102 (पहले 3 वर्षों के लिए)

नादियाद-कापडवंज-मोडासा रेल परियोजना

2381. **श्री मीर्जा इर्शादबेग** : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को ऐसे सुझाव मिले हैं कि नादियाद-कापड़वंज-मोडासा परियोजना तथा गुजरात-सौराष्ट्र में रेलवे की लम्बित परियोजनाओं को पूरा करने के लिए कुछ विशेष परियोजनाओं के नाम पर बांड जारी किये जाय ; और

(ख) क्या सरकार ऐसे सुझावों पर विचार करेगी और उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री महावीर प्रसाद) : (क) जी हां, केवल नदियाद-कापड़वंज-मोडासा परियोजना के सम्बन्ध में ।

(ख) जी नहीं ।

Staff strength in Indian Missions abroad

2382. DR. MOHD. HASHIM KIDWAI: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) what is the number of employees in Indian Mission abroad at present;

(b) what is the number of permanent and non-permanent employees in these missions;

(c) what are the names of Indian missions which are understaffed, and

(d) what is the number of foreign nationals employed in Indian Missions?

THE MINISTER OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI P. V. NARASIMHA RAO): (a) The total number of employees in Indian Missions abroad is four thousand six hundred and seventy (4670).

(b) Out of this, two thousand seven hundred and fifty six (2756) are permanent India-based, while the remaining one thousand nine hundred and fourteen (1914) are non-permanent recruited locally.